**दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू**

**सत्र: 2025-26**

**अभ्यास कार्य पत्र (अप्रैल)**

**कक्षा: तीसरी** **विषय: हिंदी**

**उपविषय: अपठित गद्यांश, व्याकरण: भाषा**

**प्र॰१) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

एक लड़की थी नेहा। उसे बात-बात पर गुस्सा आता था। उसकी माँ ने उसे कई बार समझाया कि गुस्सा मत किया करो। इस पर वह और गुस्सा होती और रूठकर एक कोने में बैठ जाती। एक दिन नेहा एक खिलौना खरीद कर लाई। उसने उस खिलौने को मेज़ पर रख दिया। उसका छोटा भाई आरव मेज़ के आसपास खेल रहा था। अचानक उसका हाथ खिलौने पर लगा और खिलौना फ़र्श पर गिरकर टूट गया। यह देखकर नेहा को बहुत गुस्सा आया और वह आरव पर ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने लगी। तभी उसकी माँ वहाँ आ गई। उन्होंने एक शीशा लिया और उसके चेहरे के सामने कर दिया। शीशे में उसका चेहरा बहुत गंदा लग रहा था ।

**क)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

i) नेहा की माँ ने उसे क्या समझाया ?

ii) मेज़ के आसपास कौन खेल रहा था ?

**ख)निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए-**

i) **मेज़** - कुरसी , टेबल , पलंग

ii) **माँ** - माता , भाई , बहन

**ग)निम्नलिखित वाक्य के लिए सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाइए-**

i) नेहा को बात-बात पर गुस्सा नहीं आता था। (   )

**प्र•२) निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर भाषा के सही रूप लिखिए-**

**क)** लड़का किताब पर लिख रहा है। __________

**ग)** बच्चे ने कक्षा में कहानी सुनाई। __________

**प्र•३) निम्नलिखित राज्यों में बोली जाने वाली भाषाएँ लिखिए-**

**क) केरल -** __________

**ख) गुजरात-** __________

**ग) पंजाब-** __________